## कुंडली भले न मिले, शादी से पहले सिकल सेल कार्ड जरूर मिलाएं : विधायक

**शहडोल, देशबन्धु।** विश्व सिकल सेल दिवस के अवसर पर जिले के स्वास्थ्य केंद्रों, ग्राम पंचायतों एवं अन्य स्थानों में सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन हेतु जांच शिविर लगाया गया जिसमें काफी संख्या में लोगो की सिकल सेल एनीमिया की जांच की गई। सिकल सेल दिवस के अवसर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बुढार में विधायक जैतपुर जयसिंह मरावी की उपस्थिति में सिकल सेल एनीमिया जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।




जागरूकता कार्यक्रम को सम्बोंधित करते हुए विधायक ने कहा कि कुंडली मिले या न मिले, शादी से पहले सिकल सेल कार्ड जरूर मिलाएं। यदि दोनों युवा सिकल सेल वाहक होते हैं तो उनके बच्चों में गंभीर सिकल सेल रोग होने की आशंका बहुत अधिक होती है इसलिये विवाह से पहले सिकल सेल जांच कराना केवल व्यक्तिगत ही नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ी के स्वास्थ्य की रक्षा का एक सामाजिक उत्तरदायित्व भी है।

सिकल सेल एनीमिया शिविर में आए लोगो की सिकल सेल एनीमिया की जांच भी गई तथा सिकल सेल के रोकथाम हेतु जागरूक किया गया। धरती आबा ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत शिविर में आए लोगो को आधार कार्ड, आयुष्मान भारत, कार्ड जाति प्रमाण-पत्र, पीएम किसान, जनधन खातों के विवरण के साथ ही शिविर के माध्यम से सिकिल सेल रोग और उनके परीक्षण के बारे में आम जनता को जागरूक किया गया। हर घर जल, बिजली, पीएम उज्जवला योजना, मोबाइल मेडिकल यूनिट, आगंनबडी केन्द्र की स्थापना, छात्रावास निर्माण, प्रधानमंत्री आदि आदर्श ग्राम योजना, पोषण वाटिका, मोबाइल नेटवर्क कनेक्टविटी, स्किल इण्डिया मिशन, डिजिटल इनीशिएटिव्स, टिकाउ कृषि पध्दतिया योजना, प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना, राष्ट्रीय पशुधन मिशन, राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान अंतर्गत केपेसिटि बिल्डिंग ऑन एफआरए एवं ट्रायबल स्टे होम-स्वदेश दर्शन के बारे में भी लोगों को जागरूक किया गया।

जनजातीय कार्य मंत्रालय के द्वारा दिए गए निर्देश अनुसार 15 जून से 30 जून 2025 तक जिले में मोबाइल मेडिकल यूनिट के माध्यम से चिन्हित गांव में धरती आबा अभियान अंतर्गत 40 वर्ष तक के आयु वर्ग के हितग्राहियों की सिकल सेल एनीमिया स्क्रीनिंग जांच किट से की जाएगी एवं स्क्रीनिंग का डाटा नेशनल सिकल सेल पोर्टल पर दर्ज किया जाएगा।

## एनएच 43 पर तेज रफ्तार ट्रक और हार्वेस्टर की भिड़ंत, दो गंभीर

**उमरिया, देशबन्धु।** जिले में तेज रफ्तार का कहर एक बार फिर सामने आया है। राष्ट्रीय राजमार्ग 43 में एक दर्दनाक सड़क हादसे में दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। यह हादसा उस समय हुआ जब जिला मुख्यालय से मंगठार पावर प्लांट की ओर जा रहा एक कैप्सूल ट्रक सामने से आ रहे एक हार्वेस्टर वाहन से टकरा गया। भिड़ंत इतनी जबरदस्त थी कि हार्वेस्टर पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया और उसमें सवार चालक तथा सहायक बुरी तरह घायल हो गए।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, ट्रक की रफ्तार काफी तेज थी और उसने संतुलन खोते हुए सामने से आ रहे हार्वेस्टर को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि हार्वेस्टर के परखच्चे उड़ गए और उसका अगला हिस्सा पूरी तरह चकनाचूर हो गया। घटनास्थल पर मौजूद लोगों ने तत्काल पुलिस और प्रशासन को सूचना दी।

घटना की जानकारी मिलते ही प्रशासनिक अमला सक्रिय हो गया। बांधवगढ़ एसडीएम कमलेश नीरज, डिप्टी कलेक्टर हरनीत कौर, कोतवाली थाना प्रभारी बालेंद्र मिश्रा पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। घायलों की हालत गंभीर देखते हुए तत्काल 108




एंबुलेंस के माध्यम से दोनों को जिला अस्पताल भेजा गया, जहां उनका उपचार जारी है। चिकित्सकों के अनुसार, दोनों की हालत नाजुक बनी हुई है। हादसे के बाद कुछ समय के लिए राष्ट्रीय राजमार्ग पर जाम की स्थिति बन गई थी, जिसे पुलिस ने मौके पर पहुंचकर नियंत्रित किया। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को किनारे लगवाकर यातायात सुचारू कराया, वहीं ट्रक चालक की स्थिति की जानकारी नहीं मिल पाई है, लेकिन पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

### सार-समाचार

## घर का ताला तोड़ कर लाखों की चोरी

**शहडोल, देशबन्धु।** जिले में चोरी की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। गोहपारू और बुढार थाना क्षेत्र में हाल ही में हुई चोरियों ने स्थानीय निवासियों में चिंता की लहर पैदा कर दी है। चोरों ने न सिर्फ लाखों रुपये के जेवरात चुराए, बल्कि नगद राशि भी अपने साथ ले गए हैं।

गोहपारू पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के खन्नौधी गांव के निवासी गजेंद्र श्रीवास्तव के घर में चोरी की गई है। गजेंद्र ने बताया कि वह अपने रिश्तेदार के घर शहडोल आए हुए थे और इस दौरान उनके घर को चोरों ने निशाना बना लिया। जब मैं वापस लौटा, तो मेरे घर का ताला टूटा हुआ था। चोरों ने लगभग चार लाख रुपये के सोने-चांदी के जेवरात और नगद राशि चुरा ली।

दूसरी चोरी की घटना बुढार थाना क्षेत्र के पकरिया गांव में घटी। पीड़िता प्रेमीया यादव ने बताया कि वह अपनी बहन के घर खाना खाने गई थीं और जब वापस लौटीं तो उनके घर का ताला टूटा हुआ था। महिला ने कहा मेरे घर का सामान बिखरा पड़ा था और अलमारी खुली हुई थी, जिससे स्पष्ट था कि चोरी हुई है। चोरों ने लगभग तीस हजार रुपये नगद और दो लाख रुपये के जेवरात चुरा लिए।

## रमा दुबे बनीं उमरिया परिवहन अधिकारी, संतोष पाल को कटनी का प्रभार

**उमरिया, देशबन्धु।** उमरिया परिवहन विभाग में बड़े स्तर पर अधिकारियों के तबादले किए गए हैं। विभाग की नई तबादला सूची में 10 अधिकारियों का ट्रांसफर हुआ है। जबलपुर डिप्टी टीसी कार्यालय में पदस्थ रमा दुबे को उमरिया का नया जिला परिवहन अधिकारी नियुक्त किया गया है।

वर्तमान जिला परिवहन अधिकारी संतोष पाल का ट्रांसफर कटनी किया गया है। वे वहां सहायक क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी (एआरटीओ) के पद पर कार्यभार संभालेंगे। उमरिया में लंबे समय से बिना आवश्यक दस्तावेजों के बसों का अवैध संचालन एक बड़ी समस्या रही है। परिवहन विभाग इस मामले में लगातार कार्रवाई कर रहा था। रमा दुबे के नए जिला परिवहन अधिकारी के रूप में पदभार संभालने के बाद परिवहन व्यवस्था में सुधार की उम्मीद है।

## छतरी पाकर दुकानदारों के खिल उठे चेहरे




**शहडोल, देशबन्धु।** दिव्य मुस्कान महिला क्लब की सदस्यों द्वारा श्रीमती निभा गुप्ता की अध्यक्षता में सड़क किनारे छोटी-छोटी दुकान लगाने वाले दुकानदारों को बड़ी छतरी वितरित की जा रही है। इसी कड़ी में गुरुवार को दिव्य मुस्कान महिला क्लब की सदस्यों ने इंदिरा चौक सहित कई अन्य स्थानों पर छोटे-छोटे दुकानदारों को छतरी प्रदान कर उन्हें धूप और बारिश के पानी से बचने की राहत दी।

क्लब की अध्यक्ष श्रीमती निभा गुप्ता ने कहा कि इस काम में क्लब की सदस्यों द्वारा परस्पर सहयोग किया जा रहा है जिसके चलते यह पुण्य काम हो रहा है। दुकानदारों को छतरी वितरित किए जाने के समय क्लब की सदस्य भी उपस्थित रहीं।

## बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में ड्रोन से हो रही हाथियों की निगरानी

**उमरिया, देशबन्धु।** बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के खितौली परिक्षेत्र में 21 जंगली हाथियों का झुंड पहुंच गया है। हाथी पतौर के रास्ते से खितौली आए हैं। वन विभाग ने हाथियों की निगरानी के लिए विशेष व्यवस्था की है। वन विभाग ने तीन गाड़ियों के साथ 50 से अधिक अधिकारी और कर्मचारियों की टीम लगाई है। टीम ड्रोन की मदद से हाथियों की गतिविधियों पर नजर रख रही है। हाथियों का झुंड फिलहाल दर्रहा तालाब, वन तलैया और आसपास के जंगलों में विचरण कर रहा है। खितौली परिक्षेत्र अधिकारी स्वस्तिश्री जैन के अनुसार, वन विभाग हाथियों की पहचान के लिए उनकी आईडी भी बना रहा है। टाइगर रिजर्व के डिप्टी डायरेक्टर पीके वर्मा का कहना है कि सभी ग्राउंड कर्मचारियों को स्पष्ट निर्देश जारी किए गए हैं। यदि कर्मचारियों से पहले ग्रामीणों की ओर से हाथियों के मूवमेंट की सूचना मिली तो जिसकी ड्यूटी होगी, उन पर ठोस कार्रवाई की जाएगी। बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में 80 से ज्यादा जंगली हाथियों का मूवमेंट है।

## शहडोल में 27 को निकलेगी भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा

**शहडोल, देशबन्धु।** भगवान जगन्नाथ जी स्वामी रथ यात्रा का आयोजन समिति के माध्यम से शहडोल नगर में विगत 100 वर्षों से शहर के नागरिकों द्वारा भगवान श्री जगन्नाथ जी स्वामी रथ यात्रा निकाले जाने की परंपरा प्रारंभ हुई थी। जो आज भी निरंतर जारी है ।

नगर के गणमान्य नागरिकों ने बिगत दिवस बैठक का आयोजन कर यह सुनिश्चित किया की 27 जून को दोपहर 2 बजे पुष्य नक्षत्र महायोग जैसे अति विशिष्ट शुभ मुहूर्त पर भगवान श्री जगन्नाथ जी स्वामी की भव्य रथ यात्रा मोहन राम मन्दिर शहडोल से प्रारंभ होगी।

यात्रा मार्ग मोहन राम मंदिर शहडोल से गणेश मंदिर बुढार चौक से वापस होते हुए गुरु नानक चौक घरौला मोहल्ला कमिश्नर बांग्ला नर्मदा गैस एजेंसी जय स्तंभ से वापस मुख्य मार्ग चौपाटी गंज रोड सब्जी मंडी होते हुए न्यू गांधी चौक पुराना गांधी चौक शिवम होटल से जामा मस्जिद होते हुए पुराना गांधी चौक से भगवान जगन्नाथ जी की रथ यात्रा पंचायती मंदिर पहुंचेगी। यहां पर दो दिवस भगवान विश्राम करेंगे 29 जून को शाम 5 बजे भगवान जगन्नाथ पंचायती मंदिर से मोहन राम मंदिर के लिए प्रस्थान करेंगे।



एडवोकेट चंद्रेश द्विवेदी ने बताया की शहडोल नगर की सुख शांति वैभव के लिए भगवान जगन्नाथ जी की रथ यात्रा बेहद महत्वपूर्ण मानी जाती है। नगर वासी भगवान जगन्नाथ जी के रथ यात्रा का पूरे साल भर बेसब्री से इंतजार करते हैं तथा रथ यात्रा निकलते समय घर-घर पर दीप जला कर भगवान जगन्नाथ जी की पूजा आराधना नगर वासियों द्वारा उत्साह के साथ की जाती है।

आयोजन समिति अध्यक्ष गिरधर प्रताप सिंह, संयोजक प्रियम त्रिपाठी व पदम खेमका द्वारा यात्रा मार्ग को दुरुस्थ करने, यात्रा मार्ग मे बिजली के तार ऊपर उठाये जाने, संबंधी सूचना पत्र प्रेषित कर जल्द से जल्द यात्रा मार्ग को रथ यात्रा सुविधाजनक बनाये जाने हेतु जिला प्रशासन से आग्रह किया है।

## जमीनी विवाद में कुल्हाड़ी से हमला, दंपति गंभीर रूप से घायल

**उमरिया, देशबन्धु।** कोतवाली थाना अंतर्गत ग्राम धनवाही में बुधवार रात जमीनी विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। दो परिवारों के बीच हुए इस खूनी संघर्ष में धन्नू यादव (44 वर्ष) और उनकी पत्नी बुरी तरह घायल हो गए। परिजनों की मदद से दोनों को तत्काल जिला अस्पताल लाया गया, जहां वे इलाजरत हैं।



पीड़ित धन्नू यादव ने बताया कि उनके घर से लगी निजी भूमि को लेकर लंबे समय से विवाद चल रहा है, जो वर्तमान में न्यायालय में विचाराधीन है। बुधवार रात उसी विवाद को लेकर पड़ोसी घर आकर गाली-गलौज करने लगा और अचानक सिर पर टांगी से हमला कर दिया।

जब धन्नू की पत्नी बीच-बचाव के लिए आईं, तो उस पर भी हमला किया गया।पीड़ित के अनुसार, यह हमला पड़ोसी, उसकी पत्नी और बेटे ने मिलकर किया। घटना के बाद गांव में तनाव का माहौल है, वहीं पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## गोंदवाली में विशाल कवि सम्मेलन आयोजित

**सिंगरौली, देशबन्धु।** शासकीय हाईस्कूल परिसर, गोंदवाली में 18 जून बुधवार की शाम को विशाल कवि सम्मेलन आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ग्राम पंचायत भलुगढ़ के सरपंच राम सुमेर वैश्य एवं विशिष्ट अतिथि जिला पंचायत सदस्य पप्पू यादव रहे, अध्यक्षता वरिष्ठ कवि सुरेश गुप्त ग्वालियरी ने की। सर्वप्रथम अतिथियों एवं काव्य मनीषियों ने मां सरस्वती जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजन अर्चन किया। उसके बाद अतिथियों एवं काव्य मनीषियों का माल्यार्पण से स्वागत, कार्यक्रम संयोजक एवं ग्राम पंचायत गोंदवाली के सरपंच लाले राम वियार एवं उनकी टीम ने किया तथा कार्यक्रम संयोजक ने स्वागत उद्बोधन भी दिया। कवियों का परिचय स्थानीय कवि राम मिलन उपाध्याय ने बेहतरीन अंदाज में दिया।



कवि सम्मेलन के प्रथम अनुक्रम में कवयित्री सुश्री विभा तिवारी ने सुमधुर स्वर में वाणी वन्दना प्रस्तुत की, उसके बाद काव्य पाठ का दौर शुरू हुआ, जिसमें वरिष्ठ कवि सुरेश गुप्त ग्वालियरी, ग्वालियर, राम खेलावन मिश्रा, रीवा, सुरेश मिश्र गौतम, सीधी, कमल शुक्ल अज्ञान, सीधी, विभा तिवारी, सीधी, संजीव पाठक सौम्य, चितरंगी, प्रविन्दु दुबे चंचल, देवसर, मनोहर लाल वर्मा, सिंगरौली, शंकर प्रसाद शुक्ला, सिंगरौली, राम मिलन उपाध्याय, सिंगरौली एवं आत्मा प्रसाद वैश्य, सिंगरौली ने कविता की विविध विधाओं को प्रस्तुत करके स्रोताओ को मंत्रमुग्ध कर दिया । संचालन कमल शुक्ल अज्ञान ने किया।

कार्यक्रम के संयोजक एवं ग्राम पंचायत गोंदवाली के सरपंच लाले राम वियार, संरक्षक राजेश सिंह एडवोकेट, सह संयोजकगण क्रमशः पिंटू तिवारी, राजू दुबे, प्रवीण तिवारी, रमेश बेस, रामलाल साहू, महात्मा वैश्य, बालकृष्ण वैश्य, उप सरपंच, जमुना प्रसाद यादव के अथक प्रयास एवं धीरेन्द्र तिवारी, सुदीप उपाध्याय, आशीष तिवारी, रंजीत वियार एवं जितेन्द्र वैश्य के अतुलनीय सहयोग से शानदार तरीके से विशाल कवि सम्मेलन सम्पन्न हुआ। कविता सुनने के लिए बहुतायत में लोग उपस्थित रहे।

## करोड़ों रुपए की शासकीय भूमि पर बना ली आलीशन हवेली

**उमरिया, देशबन्धु।** जिले के पाली तहसील अंतर्गत ग्राम पंचायत घुनघुटी के मुख्य मार्ग स्थित पुलिस चौकी के सामने शासन की करोड़ों रुपए की बेशकीमती जमीन पर दबंगों का कब्जा राजस्व अमला बेखबर जब की शासन की बात करें तो सरकार ने हर गांव पंचायत में शासकीय योजनाओं एवं शासकीय संपत्ति के रख रखाव एवं क्रियान्वयन के लिए अपना अमला तैनाथ कर रखा है पर यह अमला न जाने किन कारणों से रसूखदारो तक शायद नहीं पहुंचता न ही देखता नतीजा हाईवे के किनारे हीं मूल्यवान भूमि पर दिन दहाड़े अलीशान हबेली नुमा तन गई।

जब इस सम्बन्ध में ग्रामीणों द्वारा विरोध के स्वर तेज होते दिखे तो उक्त व्यक्ति द्वारा रातों दिन तेजी से निर्माण कार्य चालू कर दिया गया है अगर समय रहते उचित एवं ठोस न्यायसंगत कार्यवाही



नहीं की गई तो जगह-जगह अतिक्रमण कारियों हौसले बुलंद होंगे। उल्लेखनीय है कि जब इस अतिक्रमण की नींव रखी जा रही थी तो हल्का पटवारी आर आई सहित पंचायती अमले ने अपने वरिष्ठ अधिकारियों को क्या इस सम्बन्ध में सूचना दी, अगर दी तो अभी तक निर्माण कार्य चल रहा है कोई कार्यवाही क्यों नहीं हुई। यह सब जांच के बाद साबित होगा। कुछ जागरूक लोगों का कहना है कि वे इसकी शिकायत जल्द ही संभागायुक्त शहडोल को लिखित में देंगे।

## लेबर के हक पर मशीन डाल रही डाका

### ग्राम पंचायत लखनऊटी का मामला

**उमरिया, देशबन्धु।** जिले के जनपद पंचायत मानपुर भ्रष्टाचार की इबारत लिखने में अपने आप में अव्वल दर्ज प्राप्त कर चुका है जहां देखा जाए तो एक के बाद एक भ्रष्टाचार समाचार पत्रों के माध्यम से उजागर किए जाते हैं लेकिन जनपद पंचायत मानपुर में बैठे जिम्मेदार प्रशासनिक अमला समाचार पत्रों के माध्यम से उजागर भ्रष्टाचार को लेनदेन कर लीपा पोती कर अपनी जांच प्रतिवेदन में सही बता देते हैं

ताजा मामला ग्राम पंचायत लखनऊटी के ग्राम उरदना में जगदीश पटेल के घर से रामदयाल नापित के घर तक बन रही सीसी रोड का है जिसका निर्माण एजेंसी ग्राम पंचायत लखनऊटी हाय ग्राम पंचायत लखनऊ टी के सरपंच श्याम भाई बैग एवं सचिव अभिनंदृ तिवारी द्वारा मजदूरों के हक का डाका डालकर मशीनों से कम ठेकेदारों के माध्यम से कराया जा रहा हैं। जबकि ऐसा नहीं की ग्राम पंचायत में मजदूरों की कमी है फिर भी ग्राम पंचायत के सरपंच एवं सचिव अभिनेंद्र तिवारी द्वारा अपने सगे संबंधी रिश्तेदारों को ठेकेदारी पर सीसी रोड का काम देकर मशीनों से पूरा कार्य कराया जा रहा है और काम की तलाश में गरीब आदिवासी मजदूर दर-दर भटक रहा है। देखा जाए तो ग्राम पंचायत में इस ठेकेदारी प्रथा में जिन जिन पंचायत के सरपंच



सचिव द्वारा कार्य कराए गए हैं यदि उनकी जांच कराई जाए तो एक बहुत बड़े भ्रष्टाचार का उजागर होगा क्योंकि ठेकेदारों द्वारा किए गए कार्यों में गुणवत्ता की कमी के कारण किया गया निर्माण तार कुछ महीनो में ही कई कार्य तो ग्राम पंचायत लखनऊ में ही जीर्ण सीन हालत में दिखने लगता है कुछ दिन पहले सरपंच ग्राम पंचायत लखनऊटी की के द्वारा जिला पंचायत मत से प्राप्त एक पुलिया का निर्माण ठेकेदारों के द्वारा कुछ महीने पहले कराया गया था, जो गिरने के कगार पर है। जिले के कलेक्टर से निवेदन है कि जिले के समस्त जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत में चल रहे मशीनीकरण का अंत कर मजदूरों को काम दिया जाए।

## पन्ना को हराकर छतरपुर बना विजेता

### छतरपुर और पन्ना के खिलाड़ियों को किया गया पुरस्कृत

**पन्ना, देशबन्धु।** पन्ना के पॉलिटेक्निक ग्राउंड में पन्ना क्रिकेट अकादमी के तत्वावधान में अंडर 17 वर्षीय बालक टूर्नामेंट का आयोजन किया गया लेदर बाल से खेले गए इस टूर्नामेंट का फाइनल पन्ना और छतरपुर की टीम के बीच हुआ जिसमें छतरपुर ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी की सूर्य शर्मा ने 36 कार्तिक पांडे की 65 रन की योगदान से छतरपुर ने 203 रन का लक्ष्य रखा पन्ना की ओर से उमंग यादव ने और प्रिंस पाठक ने दो-दो विकेट लिए 203 रन का पीछा करते हुए पन्ना की टीम बहुत ज्यादा रन नहीं बना सकी।

पन्ना की ओर से शुभ त्रिपाठी ने सर्वाधिक 45 रन बनाए और चिराग ब गोरा ने 25 रन का योगदान दिया, मैन ऑफ द सीरीज राजनगर की गजराज को घोषित किया गया बेस्ट बॉलर छतरपुर की कार्तिक पांडे रहे बेस्ट कीपर का पुरस्कार शुभ पन्ना की शुभ त्रिपाठी को दिया गया बेस्ट फील्डर का पुरस्कार जयराज सिंह परमार को दिया गया, फाइनल में मुकाबला के बाद पुरस्कार समारोह आयोजित किया गया जिसमें समाजसेवी नसीम मोहम्मद, पत्रकार शिवकुमार त्रिपाठी अब्दुल शमी उर्फ बाबू और रश्मि त्रिपाठी ने खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया ट्रॉफी प्रधान की, व्यक्तिगत रूप से अच्छा प्रदर्शन करने के लिए खिलाड़ियों को विशेष रूप से गिफ्ट प्रदान किए गए इससे पहले पन्ना तहसीलदार अखिलेश प्रजापति ने टॉस करा कर फाइनल मैच का शुभारंभ किया। इस टूर्नामेंट में पन्ना जिले की अमानगंज, पन्ना की अ, क्र टीम,छतरपुर, खजुराहो, राजनगर शाहित 6 टीम में हिस्सा लिया

इस टूर्नामेंट का स्पॉन्सर जीके सीमेंट थी आयोजन पन्ना क्रिकेट अकादमी टीम के सोहेल खान, सूर्यकांत श्रीवास्तव, अंकित अवस्थी ने किया है, अंपायरिंग हर्ष गर्ग और राज परमार ने की इस दौरान प्रमुख रूप से अब्दुल समी अनुज बाल्मीक,केशवेंद्र सिंह परमार, जितेंद्र मिश्रा, मिक्की सहित बड़ी संख्या में दर्शक मौजूद रहे